# सहारनपुर विकास प्राधिकरण, सहारनपुर।

## 61वीं बोर्ड बैठक

# विचाराधीन विषयों की सूची

दिनांक : 05 मार्च, 2021
समय : अपरान्ह् 4.00 बजे
स्थान : कैम्प कार्यालय
आयुक्त, सहारनपुर मण्डल,
सहारनपुर।

Scanned by CamScanner

# विषय सूची



| एजेन्डा आईटम सं0 | विषय | पृष्ठ सं0 |
|---|---|---|
| 61/01 | दिनांक 03.09.2020 को सम्पन्न हुई 60वीं बोर्ड बैठक में लिये गये निर्णयों की अनुपालन आख्या। | 1 – 4 |
| 61/02 | वित्तीय वर्ष 2020–21 का दिनांक 31.12.2020 तक वास्तविक आंकड़े, वर्ष 2020–21 पुनरीक्षित एवं वित्तीय वर्ष 2021–22 के प्रस्तावित आय–व्ययक अनुमान की स्वीकृति के संबंध में। | 5 – 31 |
| 61/03 | उ0प्र0 नगर योजना और विकास (विकास शुल्क का निर्धारण, उद्ग्रहण एवं संग्रहण) (प्रथम संशोधन) नियमावली–2021 के सम्बन्ध में आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–3, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ द्वारा जारी अधिसूचना संख्या 558/ आठ–3–21–2011विविध/ 13टीसी दिनांक 09 फरवरी, 2021 को अंगीकृत किये जाने के सम्बन्ध में। | 32 – 44 |
| 61/04 | आवासीय भूखण्डों में बहु–आवासीय इकाईयों के निर्माण की अनुमति के सम्बन्ध में। | 45 – 52 |
| 61/05 | शासन द्वारा भवन निर्माण एवं विकास उपविधि 2008 में संशोधन किये जाने हेतु जारी शासनादेश संख्या–4384/8–3–11–181विविध/2008 दिनांक 27.09.2011 के क्रम में होटल को पार्क एवं खुले स्थल, बाग–बगीचे, हरित क्षेत्र, वन क्षेत्र, संकटमय उद्योग, बाढ़ प्रभावित क्षेत्र, आदि भू–उपयोगों को छोड़कर अन्य समस्त भू–उपयोगों में प्रभाव शुल्क को आरोपित न करते हुए अनुमन्य किये जाने हेतु महायोजना–2021 जोनिंग रेगुलेशन में संशोधन किये जाने के संबंध में। | 53 – 87(B) |
| 61/06 | श्री कासिफ अफजाल पुत्र श्री अफजाल अहमद एवं श्री शिराज आलम पुत्र श्री अफजाल अहमद द्वारा ग्राम शेखवाला, परगना तहसील व जिला सहारनपुर के खसरा संख्या 92, 93, 94 तथा 95 की अपने स्वामित्व की कुल 4869.07 वर्गमी0, जो रोड वाईडिंग के पश्चात् 4559.95 वर्गमी0 भूमि के भू–उपयोग 'कृषि' से 'लघु उद्योग' में परिवर्तित किये जाने के उपरान्त शमन मानचित्र की स्वीकृति के संबंध में। | 88 – 89 |
| 61/07 | उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद की योजनाओं में सीलिंग के अधिकार प्रतिनिधायन करने के सम्बन्ध में। | 90 – 109 |
| 61/08 | खेमका नगर एवं दामोदरपुरी कालोनी के पुनरीक्षित लेआउट की स्वीकृति के सम्बन्ध में। | 110 – 112 |
| 61/09 | ऑनलाईन मानचित्र संख्या SDA/BP/20-21/0292 जो श्री आकाश द्वारा मल्हीपुर रोड पर पेट्रोल पम्प निर्माण की स्वीकृति हेतु प्रस्तुत किया गया है, में भवन उपविधि के अनुसार आपत्ति के निराकरण हेतु। | 113 – 118 |
| | अन्य विषय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से। | |



Scanned by CamScanner

दिनांक 05–03–2021 को आहूत सहारनपुर विकास प्राधिकरण की 61वीं बोर्ड बैठक में उपस्थिति।

| क्र0सं0 | नाम/ पदनाम | पदेन | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|
| 1– | श्री ए0वी0 राजमौलि<br>आयुक्त<br>सहारनपुर मण्डल, सहारनपुर। | अध्यक्ष | |
| 2– | श्री अखिलेश सिंह<br>जिलाधिकारी, सहारनपुर। | सदस्य | |
| 3– | सचिव<br>आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–1,<br>उ0प्र0शासन, लखनऊ। | सदस्य | |
| 4– | सचिव<br>वित्त विभाग<br>उ0प्र0शासन, लखनऊ। | सदस्य | |
| 5– | श्री ज्ञानेन्द्र सिंह<br>उपाध्यक्ष<br>विकास प्राधिकरण, सहारनपुर। | उपाध्यक्ष | 5.3.21 |
| 6– | मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक<br>नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग<br>उत्तर प्रदेश, लखनऊ। | सदस्य (प्रतिनिधि) (A.P Meerut) | 5/3/2021 |
| 7– | श्री ज्ञानेन्द्र सिंह<br>नगर आयुक्त,<br>नगर निगम, सहारनपुर। | सदस्य | 5.3.21 |
| 8– | अपर निदेशक (कोषागार)<br>सहारनपुर मण्डल, सहारनपुर।<br>प्रतिनिधि– सचिव, वित्त विभाग, उ0प्र0शासन, लखनऊ। | सदस्य प्रतिनिधि J.D. PENSION | 5/3/2021 |
| 9– | अधीक्षण अभियन्ता<br>उ0प्र0 जल निगम, निर्माण खण्ड, सहारनपुर। | सदस्य | |
| 10– | अधीक्षण अभियन्ता<br>सहारनपुर वृत्त, लोक निर्माण विभाग, सहारनपुर।<br>EE, PD, PWD | सदस्य | |

Scanned by CamScanner

| क्र0सं0 | नाम/ पदनाम | पदेन | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|
| 11– | श्री के0 मोहन<br>सहयुक्त नियोजक, मेरठ सम्भागीय नियोजन खण्ड, मेरठ। | सदस्य | |
| 12– | श्री राकेश जैन | गैर सरकारी/मनोनीत सदस्य | |
| 13– | श्री सुरेन्द्र शर्मा | गैर सरकारी/मनोनीत सदस्य | |
| 14– | श्री अमित गगनेजा | गैर सरकारी/मनोनीत सदस्य | |
| 15– | अधीक्षण अभियन्ता<br>नगरीय विद्युत वितरण खण्ड, सहारनपुर। | विशेष आमंत्री | |
| 16– | श्री गोर्की<br>सहायक नगर नियोजक,<br>मेरठ विकास प्राधिकरण, मेरठ। | विशेष आमंत्री | |
| 17– | परियोजना प्रबन्धक<br>उत्तर प्रदेश सेतु निगम, सहारनपुर। | विशेष आमंत्री | |

Scanned by CamScanner

दिनांक 05-03-2021 को सम्पन्न हुई सहारनपुर विकास प्राधिकरण की 61वीं बोर्ड बैठक का कार्यवृत्त।

उपस्थिति :-

| | | |
|---|---|---|
| 1- | श्री ए0 वी0 राजमौलि<br>आयुक्त<br>सहारनपुर मण्डल, सहारनपुर। | अध्यक्ष |
| 2- | श्री अखिलेश सिंह<br>जिलाधिकारी,<br>सहारनपुर। | सदस्य |
| 3- | श्री ज्ञानेन्द्र सिंह<br>उपाध्यक्ष<br>विकास प्राधिकरण, सहारनपुर। | उपाध्यक्ष |
| 4- | श्री ज्ञानेन्द्र सिंह<br>नगर आयुक्त<br>नगर निगम, सहारनपुर। | सदस्य |
| 5- | श्री सुनील मैत्रे<br>संयुक्त निदेशक (पैंशन)<br>प्रतिनिधि – अपर निदेशक (कोषागार)<br>सहारनपुर मण्डल, सहारनपुर। | सदस्य |
| 6- | श्री के0 मोहन<br>सहयुक्त नियोजक,<br>मेरठ सम्भागीय नियोजन खण्ड, मेरठ<br>प्रतिनिधि-मुख्य नगर एव ग्राम नियोजक,<br>नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, लखनऊ। | सदस्य |
| 7- | श्री गोर्की<br>सहायक नगर नियोजक<br>मेरठ विकास प्राधिकरण, मेरठ। | विशेष आमंत्री |
| 8- | श्री अतुल कुमार<br>अधिशासी अभियन्ता<br>प्रतिनिधि-अधीक्षण अभियन्ता<br>लोक निर्माण विभाग, सहारनपुर। | सदस्य |
| 9- | श्री राकेश जैन | गैर सरकारी/<br>मनोनीत सदस्य |
| 10- | श्री सुरेन्द्र शर्मा | गैर सरकारी/<br>मनोनीत सदस्य |
| 11- | श्री अमित गगनेजा | गैर सरकारी/<br>मनोनीत सदस्य |

Scanned by CamScanner

**एजेन्डा आईटम संख्या : 61/01**

विषयः दिनांक 03.09.2020 को सम्पन्न हुई 60वीं बोर्ड बैठक में लिये गये निर्णयों की अनुपालन आख्या।

दिनांक 03.09.2020 को सम्पन्न हुई 60वीं बोर्ड बैठक की अनुपालन आख्या की सम्पुष्टि की गयी।

**एजेन्डा आईटम संख्या : 61/02**

विषयः वित्तीय वर्ष 2020–21 का दिनांक 31.12.2020 तक वास्तविक आंकडे, वर्ष 2020–21 के पुनरीक्षित एवं वित्तीय वर्ष 2021–22 के प्रस्तावित आय–व्ययक अनुमान की स्वीकृति के संबंध में।

अवलोकनोपरान्त प्रस्ताव पर मा0 बोर्ड द्वारा सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गयी।

**एजेन्डा आईटम संख्या : 61/03**

विषयः उ0प्र0 नगर योजना और विकास (विकास शुल्क का निर्धारण, उद्ग्रहण एवं संग्रहण) (प्रथम संशोधन) नियमावली–2021 के सम्बन्ध में आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–3, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ द्वारा जारी अधिसूचना संख्या 558/आठ–3–21–2011विविध/13टीसी दिनांक 09 फरवरी, 2021 को अंगीकृत किये जाने के संबंध में।

शासनादेश में दिये गये निर्देशों/व्यवस्थाओं का अनुपालन सुनिश्चित किये जाने के निर्देश के साथ मान्य बोर्ड द्वारा प्रस्ताव स्वीकृत किया गया।

**एजेन्डा आईटम संख्या : 61/04**

विषयः आवासीय भूखण्डों में बहु–आवासीय इकाईयों के निर्माण की अनुमति के सम्बन्ध में।

उक्त के संबंध में प्रस्तुत प्रस्ताव पर हुई गहन चर्चा के उपरान्त मा0 बोर्ड द्वारा निर्देशित किया गया कि इस व्यवस्था को लागू किये जाने के संबंध में भवन निर्माण एवं विकास उपविधि तथा वर्तमान में शासन द्वारा निर्गत/प्रभावी व्यवस्थाओं के आलोक में अन्य प्राधिकरणों यथा लखनऊ, गाजियाबाद, मेरठ, मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरणों से जानकारी प्राप्त करते हुए सम्पूर्ण औचित्य के साथ प्रस्ताव प्राधिकरण की आगामी बैठक में प्रस्तुत किया जाये।

Scanned by CamScanner

**एजेन्डा आईटम संख्या : 61/05**

**विषयः** शासन द्वारा भवन निर्माण एवं विकास उपविधि 2008 में संशोधन किये जाने हेतु जारी शासनादेश संख्या–4384/8–3–11–181विविध/2008 दिनांक 27.09.2011 के क्रम में होटल को पार्क एवं खुले स्थल, बाग–बगीचे, हरित क्षेत्र, वन क्षेत्र, संकटमय उद्योग, बाढ़ प्रभावित क्षेत्र, आदि भू–उपयोगों को छोडकर अन्य समस्त भू–उपयोगों में प्रभाव शुल्क को आरोपित न करते हुए अनुमन्य किये जाने हेतु महायोजना–2021 जोनिंग रेगुलेशन में संशोधन किये जाने के संबंध में।

उक्त प्रस्ताव पर किये गये संयुक्त विचार विमर्श के उपरान्त मा0 बोर्ड द्वारा निर्देशित किया गया कि प्रकरण में सचिव, सहारनपुर विकास प्राधिकरण की अध्यक्षता में वन विभाग, पर्यटन विभाग तथा नियोजन विभाग के सक्षम अधिकारियों की कमेटी गठित करते हुए सहारनपुर विकास क्षेत्र में इसकी उपयोगिता एवं आवश्यकता के दृष्टिगत समस्त बिन्दुओं पर परीक्षण कराकर मन्तव्य एवं औचित्य सहित आगामी बोर्ड बैठक में प्रस्तुत किया जाये।

**एजेन्डा आईटम संख्या : 61/06**

**विषयः** श्री कासिफ अफजाल पुत्र श्री अफजाल अहमद एवं श्री शिराज आलम पुत्र श्री अफजाल अहमद द्वारा ग्राम शेखवाला, परगना तहसील व जिला सहारनपुर के खसरा संख्या 92, 93, 94 तथा 95 की अपने स्वामित्व की कुल 4869.07 वर्गमी0, जो रोड़ वाईडिंग के पश्चात् 4559.95 वर्गमी0 भूमि के भू–उपयोग 'कृषि' से 'लघु उद्योग' में परिवर्तित किये जाने के उपरान्त शमन मानचित्र की स्वीकृति के संबंध में।

मा0 बोर्ड द्वारा निर्देशित किया गया कि प्रश्नगत प्रकरण का पूर्ण परीक्षण समिति से कराते हुए आगामी बोर्ड बैठक में प्रस्तुत किया जाये।

**एजेन्डा आईटम संख्या : 61/07**

**विषयः** उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद की योजनाओं में सीलिंग के अधिकार प्रतिनिधियान करने के सम्बन्ध में।

इस संबंध में निर्देशित किया गया कि शासनादेशों में की गयी व्यवस्थाओं का भली भॉति परीक्षण करते हुए आवास विकास परीषद, लखनऊ विकास प्राधिकरण, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण मेरठ विकास प्राधिकरण, मुजफ्फरनगर आदि बड़े प्राधिकरणों से जानकारी प्राप्त करने के उपरान्त सम्यक् प्रस्ताव सहित आगामी बोर्ड बैठक में प्रस्तुत किया जाये।

**एजेन्डा आईटम संख्या : 61/08**

**विषयः** खेमका नगर एवं दामोदरपुरी कालोनी के पुनरीक्षित लेआउट की स्वीकृति के सम्बन्ध में।

इस संबंध में निर्देशित किया गया कि सचिव, स0वि0प्रा0 की अध्यक्षता में संबंधित कालोनी के आर0डब्लू0ए0/सिनियर सिटीजन/एक्स–सर्विसमैन, सहयुक्त नियोजक मेरठ आदि की एक कमेटी का बनाकर, प्राप्त आख्या के साथ प्रस्ताव आगामी बैठक में प्रस्तुत करें।

Scanned by CamScanner

**एजेन्डा आईटम संख्या : 61/09**

विषयः ऑनलाईन मानचित्र संख्या **SDA/BP/20-21/0292** जो श्री आकाश द्वारा मल्हीपुर रोड पर पेट्रोल पम्प निर्माण की स्वीकृति हेतु प्रस्तुत किया गया है, में भवन उपविधि के अनुसार आपत्ति के निराकरण हेतु।

सहयुक्त नियोजक, मेरठ सम्भागीय नियोजन खण्ड, मेरठ द्वारा अवगत कराया गया कि बॉयलॉज के जिन नियमों के अन्तर्गत प्रश्नगत मानचित्र में छूट चाही जा रही है, इस संबंध में बॉयलॉज में त्रुटि है। उक्त छूट दिया जाना उचित नहीं है। पुनः परीक्षण समिति से कराते हुए आगामी बोर्ड बैठक में प्रस्तुत करें।

(अतुल कुमार)
अधिशासी अभियन्ता
प्रतिनिधि–अधीक्षण अभियन्ता,
लोक निर्माण विभाग, सहारनपुर।

(सुनील मैत्रे)
संयुक्त निदेशक (पैंशन)
प्रतिनिधि–अपर निदेशक(कोषागार)
सहारनपुर।

(के० मोहन)
सहयुक्त नियोजक, मेरठ।
प्रतिनिधि–मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक,
उ०प्र०, लखनऊ।

(गोकी)
सहायक नगर नियोजक (विशेष आमंत्री)
मेरठ विकास प्राधिकरण,
मेरठ।

(राकेश जैन)
गैर सरकारी/ मनोनीत सदस्य

(सुरेन्द्र शर्मा)
गैर सरकारी/मनोनीत सदस्य

(अमित गगनेजा)
गैर सरकारी/ मनोनीत सदस्य

(ज्ञानेन्द्र सिंह)
नगर आयुक्त/उपाध्यक्ष
नगर निगम/विकास प्राधिकरण
सहारनपुर।

(अखिलेश सिंह)
जिलाधिकारी,
सहारनपुर।

(ए०वी० राजमौलि)
अध्यक्ष/आयुक्त
विकास प्राधिकरण/सहारनपुर मण्डल,
सहारनपुर।

Scanned by CamScanner